**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 06.07.2024**

**विषय:-** **दिनांक 30.06.2024 को मीरघाट में फायरिंग कर लोगों को घायल कर क्षेत्र में दहशत व्याप्त करने वाले घटना में प्रकाश में आये अभियुक्त को दशाश्वमेध पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक दशाश्वमेध के नेतृत्व में थाना दशाश्वमेध पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 49/2024, धारा- 147,148,149,307,323 भादवि व 7 सीएलए एक्ट व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार उर्फ छोटू पुत्र शिवकुमार निवासी के 47/151 बी कतुआपुरा मछोदरी कोतवाली वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष को थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर के से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान**– दिनांक **06.07.2024** स्थान- अभियुक्त के घर के कतुआपुरा मछोदरी कोतवाली।

**नाम व पता अभियुक्तः-** अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार उर्फ छोटू पुत्र शिवकुमार निवासी के 47/151 बी कतुआपुरा मछोदरी कोतवाली वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष।

**अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत अपराध-** मु0अ0सं0- 49/2024 धारा 147,148,149,307,323 भादवि व 7 सीएलए एक्ट व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।

**पूछताछ विवरणः-** पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक- 30.06.2024 को प्रभाकर यादव उर्फ झुल्लन जो कि गोविन्द का भी दोस्त है ने मुझे फोन करके बुलाया तब हम लोग गोविन्द यादव, अंकित यादव शिवम शर्मा शोभित शर्मा, प्रभाकर यादव उर्फ झुल्लन, विकाश साहनी प्रशान्त यादव एक साथ ग्रुप में विजय यादव के घर उन लोगों के साथ गया और बाद विवाद होने लगा जिसमें गोविन्द गुस्से में आ गया और अपने अवैध असलहे से फायरिंग करने लगा जिससे कई लोगों को चोटे आयी। भीड़ बढ़ती देखकर हम लोग वहाँ से भाग गये लेकिन भीड़ ने गोविन्द यादव को पकड़ लिया तथा गोविन्द यादव उनसे छुड़ाकर भागने का प्रयास करने में गोविन्द को भी कुछ चोटे आयी तथा उसकी पिस्टल भी वहीं गिर गयी। साहब मैं यह नहीं जानता था कि गोविन्द उस दिन गोली चला देगा। जब गोविन्द ने गोली चलाया तो हम लोग वहाँ से भाग गये। साहब गलती हो गयी एक बार मुझे माँफ कर दीजिये।

**गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0- 17/2024 धारा 323,504 भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाला पुलिस बल-</u>**

1. उ0नि0 दिगम्बर उपाध्याय  चौकी प्रभारी दशाश्वमेध थाना दशाश्वमेध वाराणसी।
2. उ0नि0 राकेश कुमार चौकी प्रभारी शीतलाघाट थाना दशाश्वमेध वाराणसी।
3. का0 दिनेश कुमार थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अवधेश कुमार थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त,जोन काशी**
**कमिश्नरेट वाराणसी**